15 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को अगर सही मौका मिले तो उन्हें निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहिए और खेल के लंबे प्रारूप के बारे में हर युवा खिलाड़ी को सोचना चाहिए। - चेतेश्वर पुजारा

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, वैभव सूर्यवंशी को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

डी गुकेश

विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने विश्व खिताब के लिये अपने चैलेंजर उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को सुपर रैपिड और ब्लिट्ज के पांचवें दौर में हराकर अपने आक्रामक तेवर जाहिर किये। ग्रैंड शतरंज टूर के इस टूर्नामेंट में गुकेश ने अपने फॉर्म के कारण और विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले के अभ्यास पर फोकस करने के लिये मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था। रैपिड मुकाबले में उन्होंने चाल दर चाल सिंदारोव को कड़ी चुनौती दी। सिंदारोव इस साल के आखिर में विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले में गुकेश से खेलेंगे। दोनों इस दौर से पहले अपने पिछले मुकाबले हार चुके थे।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय टीम ने 1950 के फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था, लेकिन वे खेलने नहीं गए। 1964 में भारत ने एएफसी एशियन कप में उपविजेता (रनर-अप) बनकर इतिहास रचा था।

मिचेल मार्श के शॉट से घायल हुआ कैमरामैन, आईपीएल में लगाई अपनी सबसे तेज फिफ्टी

लखनऊ, 7 मई। लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार बल्लेबाज मिचेल मार्श ने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले के दौरान ताबड़तोड़ पारी खेली। इस पारी के दौरान उन्होंने आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक भी लगाया। मार्श ने पारी की शुरुआत में ही बेंगलुरु के गेंदबाजों पर जमकर बरसे। दूसरे ओवर के दौरान उनके एक शॉट से कैमरामैन को चोट लगी। हालांकि चोट ज्यादा गंभीर नहीं लग रही। लखनऊ ने बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में फिर नई सलामी जोड़ी के साथ उतरी है। जारी सीजन में लखनऊ ने पांचवीं बार अलग सलामी जोड़ी मैदान पर उतारी है।

जयपुर ब्लूज ने ज्योतिबा फूले क्लब को 58 रनों से हराया

जयपुर, 7 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज खेले गए पूल बी के मैच में जयपुर ब्लूज क्लब ने ज्योति बा फूले क्लब को से हराया। जी आर ग्राउंड पर जयपुर ब्लूज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आलोक गुर्जर के 67 रन, सचिन जाट के 20 रन, यथार्थ भारद्वाज के 39 रन, हर्ष यादव के 62 रन, कुलदीप खुरानिया के 27 रन व प्रखर शर्मा के 25 रनो से 50 ओवर में 8 विकेट पर 262 रन बनाए। ज्योति बा फूले क्लब के लिए चर्चित निर्वाण ने 26 पर 3, जतिन सैनी ने 28 पर 3, नयन माली ने 56 पर 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में ज्योति बा फूले क्लब की टीम तपेश कौशिक सुमित मीणा के 49 रन, तन्मय यादव के 53 रन, सात्विक जैन के 15 रन व वशिष्ठ शर्मा के 21 रनो से 37.4 ओवर में 204 रन बनाकर आउट हो गई। ज्योति बा फूले क्लब के लिए प्रखर शर्मा ने 29 पर 4, देव ऋषि ने 32 पर 3, आर्यन सैनी व प्रतीक चौधरी ने एक-एक विकेट लिया।

जयपुर में आज होगी अंडर-9 जिला स्तरीय शतरंज चैम्पियनशिप

जयपुर, 7 मई। जयपुर जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में आज 8 क्वीन्स चेस अकैडमी एवं निर्माण नगर चेस क्लब द्वारा अंडर-9 बालक एवं बालिका जिला स्तरीय शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन बचपन प्ले स्कूल, निर्माण नगर ब्रांच में किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजक अशोक चौमाल ने बताया कि प्रतियोगिता में जयपुर जिले के लगभग 80 नन्हें खिलाड़ी भाग लेने की संभावना है। यह प्रतियोगिता राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन आधार होगी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी जयपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता स्विस लीग पद्धित पर आधारित होगी तथा खिलाड़ियों को 20 मिनट 10 सेकंड इंक्रीमेंट टाइम कंट्रोल दिया जाएगा। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, वहीं सभी प्रतिभागियों को सहभागिता पदक एवं रिफ्रेशमेंट भी दिए जाएंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से होगा तथा पुरस्कार वितरण शाम 7 बजे आयोजित किया जाएगा। शतरंज प्रेमियों एवं अभिभावकों में प्रतियोगिता को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

आरयूएफसी का सामना डायमंड हार्बर एफसी से आज

जयपुर, 7 मई। राजस्थान यूनाइटेड एफसी का सामना इंडियन फुटबॉल लीग के आने वाले चैंपियनशिप स्टेज मैच में 08 मई 2026 को शाम 6:30 बजे पर कल्याणी स्टेडियम में डायमंड हार्बर एफसी से होगा। चैंपियनशिप स्टेज में दो मुश्किल मैचों के बाद, टीम का फोकस बना हुआ है और घर से बाहर दमदार प्रदर्शन के साथ वापसी करने का उनका पक्का इरादा है। डायमंड हार्बर एफसीके खिलाफ अहम मुकाबले से पहले टीम ने पूरी ताकत और आत्मविश्वास के साथ तैयारी जारी रखी है। असिस्टेंट कोच विकास रावत के अनुसार चैंपियनशिप स्टेज के पहले दो मैचों में हमें वह नतीजा नहीं मिला जो हम चाहते थे, लेकिन टीम एकजुट और मोटिवेटेड रही है। खिलाड़ी ट्रेनिंग में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और हम आगे की चुनौती के लिए तैयार हैं। हम डायमंड हार्बर के खिलाफ उनके होम ग्राउंड पर अपना बेस्ट देने के लिए उत्सुक हैं। चेयरमैन केके टाक ने बताया कि फुटबॉल में हिम्मत, कैरेक्टर और विश्वास होता है। हम अपने प्लेयर्स और कोचिंग स्टाफ के साथ मजबूती से खड़े हैं क्योंकि वे चैंपियनशिप स्टेज में पक्के इरादे के साथ लड़ रहे हैं। मुझे यकीन है कि टीम पिच पर अपना सब कुछ देगी और हमारे सपोर्टर्स को गर्व महसूस कराएगी।

जयपुर सीनियर पुरुष एवं महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता 13 मई को सम्पन्न होगी

जयपुर, 7 मई। जयपुर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव गोपाल सैनी के अनुसार जयपुर सीनियर पुरुष एवं महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता 13 मई 2026 को प्रतियोगिता सुबह 6:30 बजे राजस्थान विश्वविद्यालय खेल मैदान पर संपन्न होगी। इच्छुक प्रतियोगी अपनी प्रविष्टि आयोजन सचिव सुरेश आर्य को सुबह 6 बजे से 8 तक एसएमएस स्टेडियम जयपुर पर दे देवे। जयपुर जिले के चयनित खिलाड़ी राज्य प्रतियोगिता जोकि बीकानेर में 30 और 31 मई 2026 को होगी उसमें भाग लेंगे।

रोमांचक मुकाबले में लखनऊ ने आरसीबी को 9 रनों से हराया

दिग्वेश राठी-प्रिंस यादव चमके

लखनऊ, 7 मई। आईपीएल 2026 के 50वें मुकाबले मे गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को नौ रनों से हराया। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में बारिश से प्रभावित मुकाबले में डकवर्थ लुईस (डीएलएस) नियम के तहत मिले 213 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी 19 ओवर में छह विकेट खोकर 203 रन ही बना सकी। एलएसजी की यह इस सीजन की तीसरी जीत है।

बारिश के कारण हुए समय की बर्बादी की वजह से ओवरों में कटौती की गई और मुकाबले को 19-19 ओवर का किया गया। एलएसजी से मिले 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जैकब बेथेल सिर्फ चार रन बनाकर मोहम्मद शमी का शिकार बने। इसके बाद प्रिंस यादव ने बेहतरीन गेंद पर विराट कोहली को 46 पारियों के बाद डक पर पवेलियन भेजा।

हालांकि, दो विकेट नौ रनों के स्कोर पर गिरने के बाद देवदत्त पडिक्कल और कप्तान रजत पाटीदार ने मोर्चा संभाला। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 53 गेंदों में 95 रनों की अहम साझेदारी निभाई। पडिक्कल 25 गेंदों में 34 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, रजत ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों में 61 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में रजत ने तीन चौके और छह छक्के लगाए। जितेश शर्मा का निराशाजनक प्रदर्शन इस मुकाबले में भी जारी रहा और वह सिर्फ एक रन ही बना सके।

टिम डेविड ने 17 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 40 रन बनाए। क्रुणाल पांड्या 16 गेंदों में 28 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि रोमरियो शेफर्ड ने 15 गेंदों में नाबाद 23 रन बनाए। हालांकि, क्रुणाल-शेफर्ड की दमदार पारी भी आरसीबी को जीत नहीं दिला सकी। गेंदबाजी में एलएसजी की ओर से प्रिंस यादव ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए। वहीं, शाहबाज अहमद ने दो विकेट अपने नाम किए। मोहम्मद शमी ने एक विकेट निकाला।

आईपीएल फाइनल के लिए कर्नाटक ने मांगे थे 10,000 से ज्यादा टिकट, डिमांड सुनकर बीसीसीआई भी रह गया हैरान : सैकिया

नई दिल्ली, 7 मई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के डिफेंडिंग चैंपियन होने के बावजूद बेंगलुरु को आईपीएल 2026 फाइनल की मेजबानी नहीं मिलने के पीछे की वजह बताई है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बोर्ड कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा खिताबी मुकाबले के लिए कॉम्प्लिमेंट्री टिकट्स की मांगों से काफी हैरान था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मौजूदा चैंपियन होने के कारण परंपरा के अनुसार फाइनल मैच बेंगलुरु में होना था, लेकिन बीसीसीआई ने इस महत्वपूर्ण मैच को अहमदाबाद में स्थानांतरित कर दिया।

फाइनल के लिए ज्यादा टिकट की मांग

सैकिया ने बताया कि आईपीएल के नियमों के अनुसार मेजबान एसोसिएशन को केवल 15 प्रतिशत कॉम्प्लिमेंट्री टिकट्स ही दिए जा सकते हैं, लेकिन ने लीग मैचों के दौरान कथित तौर पर इससे कहीं ज्यादा टिकट्स की मांग की थी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एएनआई से कहा, आईपीएल प्रोटोकॉल के अनुसार, हमें होस्ट एसोसिएशन को कुल सीटिंग क्षमता का केवल 15 ही कॉम्प्लिमेंट्री टिकट्स के रूप में देना होता है। सभी मेजबान राज्य संघों को उनकी कुल क्षमता का 15 हिस्सा मानार्थ टिकटों के रूप में मिलता है। लेकिन हमें विभिन्न स्त्रोतों से ऐसी जानकारी मिली कि लीग मैचों की मेजबानी के दौरान, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन निर्धारित 15 से कहीं अधिक संख्या में कॉम्प्लिमेंट्री टिकट्स की मांग कर रहा था।

सैकिया ने कहा कि विवाद तब शुरू हुआ जब बीसीसीआई ने 1 मई को केएससीए को एक ईमेल भेजा, जिसमें दोहराया गया था कि मेज़बान राज्य संघों को स्टेडियम की कुल क्षमता का सिर्फ़ 15 प्रतिशत ही मुफ़्त टिकटों के तौर पर मिल सकता है। बाकी सभी टिकट आम जनता के लिए ऑनलाइन बेचे जाने चाहिए। यह न सिर्फ़ एक आईपीएल नियम है, बल्कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के भी अनुरूप है, जो यह सुनिश्चित करता है कि आम क्रिकेट प्रशंसकों को टिकटों तक उचित पहुंच मिले।

बीसीसीआई सचिव के अनुसार, केएससीए ने 2 मई को अपने जवाब में मंज़ूर कोटे से कहीं ज़्यादा अतिरिक्त टिकटों की मांग की। ''15 प्रतिशत मुफ़्त टिकट लेने के बाद, वे सदस्यों, क्लबों, आजीवन सदस्यों और अन्य श्रेणियों के लिए एक और बड़ा हिस्सा चाहते थे। सबसे हैरानी की बात यह है कि उन्होंने विधायकों और एमएलसी के लिए 900 मुफ़्त टिकटों और कर्नाटक सरकार के लिए 700 और टिकटों की मांग की। उन्होंने कहा कि कुल अतिरिक्त मांग 10,000 टिकटों से ज्यादा हो गई थी।

सैकिया ने कहा,''अगर हमने ये सभी मांगें मान ली होतीं, तो आम जनता के लिए सिर्फ़ कुछ हज़ार टिकट ही बचते। यह बीसीसीआई के नियमों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का सीधा उल्लंघन होता। सैकिया ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जहाँ लीग-चरण के आईपीएल मैच फ्रेंचाइजियों और राज्य संघों द्वारा मिलकर आयोजित किए जाते हैं, वहीं प्लेऑफ़ और फ़ाइनल सीधे बीसीसीआई द्वारा आयोजित किए जाते हैं, जो अपने नियमों को कमज़ोर नहीं कर सकता।

बीसीसीआई ने बुधवार को कहा था कि स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ मांगों के कारण स्थान बदला गया क्योंकि इस तरह की मांग बीसीसीआई के स्थापित दिशानिर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं। केएससीए अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने आईपीएल 2026 की शुरुआत में घोषणा की थी कि बीसीसीआई ने बेंगलुरु को सात मैच की मेजबानी सौंपने का फैसला किया है। इनमें आरसीबी के पांच घरेलू मैच, एक प्लेऑफ और फाइनल शामिल था। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ ने बुधवार को मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल को बेंगलुरु से अहमदाबाद स्थानांतरित करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड के फैसले पर निराशा व्यक्त की।

मैनचेस्टर सिटी ने 10 साल बाद जीता विमेंस फुटबॉल सुपर लीग का खिताब

ब्राइटन, 7 मई । मैनचेस्टर सिटी ने बुधवार को एक दशक बाद पहली बार विमेंस फुटबॉल सुपर लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। खिताब की दौड़ में बची आखिरी चुनौती देने वाली टीम आर्सेनल को ब्राइटन एंड होव एल्बियन ने 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया, जिसके बाद मैनचेस्टर सिटी चैंपियन बन गई। मैनचेस्टर सिटी ने 22 में से 21 मुकाबले खेलकर 52 अंक हासिल किए हैं। दूसरी ओर आर्सेनल को शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने बाकी बचे चारों मैच जीतने जरूरी थे, लेकिन ब्राइटन के खिलाफ ड्रॉ के बाद उसका सपना टूट गया और खिताब नॉर्थ लंदन के बजाय नॉर्थ-वेस्ट पहुंच गया।

पिछले सप्ताह ओएल लियोनेस के खिलाफ हारकर चैंपियंस लीग सेमीफाइनल से बाहर होने वाली आर्सेनल टीम पर इस मुकाबले में दबाव साफ नजर आया। मैच के पहले हाफ के अंत से ठीक पहले फुका सुनोडा ने गोल कर ब्राइटन को बढ़त दिला दी। हालांकि, नॉर्वे की मिडफील्डर फ्रिडा मानुम ने एक घंटे के खेल के बाद आर्सेनल के लिए बराबरी का गोल दागा, लेकिन टीम अंतिम समय तक जीत दिलाने वाला गोल नहीं कर सकी। इस परिणाम के साथ मैनचेस्टर सिटी ने 10 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद विमेंस सुपर लीग ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।

बीसीसीआई का एक्शन से भरा कार्यक्रम जारी

भारत-ए और अंडर-19 टीमों की ऑस्ट्रेलिया से होगी टेस्ट भिड़ंत

नई दिल्ली, 7 मई। भारत ए पुरूष टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ सितंबर अक्टूबर में भारत में चार दिवसीय दो टेस्ट खेलेगी। बीसीसीआई ने बुधवार को पुरूष और महिला अंडर 19 और ए टीमों के कार्यक्रम की घोषणा की। भारत ए और आस्ट्रेलिया ए के बीच श्रृंखला 22 सितंबर स 11 अक्टूबर के बीच पुडुच्चेरी में खेली जायेगी। पहला अनधिकृत टेस्ट 22 से 25 सितंबर तक और दूसरा 29 सितंबर से दो अक्टूबर के बीच खेला जायेगा। तीन लिस्ट ए मैच छह, नौ और 11 अक्टूबर को खेले जायेंगे। जिम्बाब्वे महिला टीम 16 से 28 अक्टूबर के बीच तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलेगी। टी20 मैच रायपुर में और लिस्ट ए मैच बडौदा में खेले जायेंगे। पुरूष अंडर 19 टीम राजकोट में आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के खिलाफ तीन 50 ओवर के मैच खेलेगी जिसके बाद राजकोट और अहमदाबाद में दो चार दिवसीय टेस्ट खेले जायेंगे। यह श्रृंखला 18 सितंबर से पांच अक्टूबर के बीच खेली जायेगी। भारतीय महिला ए टीम आस्ट्रेलिया ए और इंग्लैंड ए महिला टीमों के खिलाफ श्रृंखलायें खेलेगी जिसमें तीन तीन टी20 और तीन लिस्ट ए मैचों के साथ चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट खेला जायेगा।

केकेआर से 'करो या मरो' मैच में डीसी को क्या है सबसे बड़ी टेंशन, स्पिनर के लिए लगाएगी तिकड़म

नई दिल्ली, 7 मई। पेचीदा पिचों पर चकमा खाने वाली या अच्छी पिचों पर बड़ा स्कोर नहीं बचा पाने वाली दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल 2026 के करो या मरो के मुकाबले में घरेलू मैदान पर भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। दस मैचों में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर काबिज दिल्ली को अब प्लेआफ में जगह बनाने के लिये 16 अंक तक पहुंचने के लिये बाकी चारों मैच जीतने होंगे। वहीं, आठवें स्थान पर खड़ी केकेआर को भी बाकी पांचों मैच जीतने होंगे। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि दिल्ली कैपिटल्स का यह मैच किस तरह की पिच पर खेला जाएगा।

क्या स्पिनर के लिए लगाएगी ये तिकड़म! - वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन जैसे स्पिनर की फिरकी का सामना करने के लिए दिल्ली बल्लेबाजों की मददगार पिच नंबर छह पर खेल सकती है जिस पर उसने पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाए थे लेकिन जीत फिर भी नहीं मिली थी। इस पिच को चुनने की वजह बल्लेबाजों पर भरोसे की कमी है जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सीम लेती पिच पर छह विकेट नौ रन पर गंवा बैठे थे। धीमी विकेट पर दिल्ली के बल्लेबाज गुजरात टाइटंस के राशिद खान या चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद और अकील हुसैन को नहीं खेल पाए थे। सुनील (इकॉनॉमी रेट 6.80) और वरुण (इकॉनॉमी रेट 8.88) के सामने पाथुम निसांका, समीर रिजवी या करूण नायर को मुश्किलें पेश आ सकती है।

22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप की मेजबानी दिल्ली को

नई दिल्ली, 7 मई। दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन होगा जिसमें 35 से अधिक देशों के भाग लेने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को यह घोषणा की। चैम्पियनशिप 27 जुलाई से दो अगस्त तक दिल्ली सरकार और भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा आयोजित की जायेगी। दिल्ली सचिवालय में इसकी घोषणा करते हुए गुप्ता ने कहा ,'' दिल्ली सरकार विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, बेहतरीन बंदोबस्त और खिलाड़ियों तथा दर्शकों के लिये खेल का उम्दा माहौल देने को प्रतिबद्ध है।'' सात दिवसीय चैम्पियनशिप में इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, सिंगापुर, स्कॉटलैंड, वेल्स, नाइजीरिया, कीनिया, जमैका, त्रिनिदाद और टोबैगो के खिलाड़ी भाग लेंगे।

राजस्थान यूथ व जयपुरिया विद्यालय ने जीत दर्ज की

जयपुर, 7 मई। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय यूथ कप अंडर 17 में आज खेले गए मैचों में राजस्थान यूथ ने एकेडमी को 13 रनो से हराया तथा जयपुरिया विद्यालय ने एन बी एकेडमी को 60 रनो से हराया। आर जे 14 ग्राउंड पर राजस्थान यूथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तरुण कुमार के 74 रन, अमरनाथ सिंघा के 64 रन, कोवित्त जेनरीवाल के 24 रन, आरव सराफ के 28 रन, तक्सील गालव के 24 रन, हर्षवर्धन सिंह के 27 रन व आशीष गुर्जर के 25 रन नाबाद से 50 ओवर में 7 विकेट पर 296 रन बनाए। कैंडलविक एकेडमी के लिए अयान कुमावत ने 75 पर 2, हिमांक झालानी, मानव साबू, मानव गुप्ता व वैभव खटाना ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी में कैंडलविक एकेडमी की टीम अमोल गुप्ता के 41 रन, दक्ष पारीक के 49 रन, अथर्व अग्रवाल के 37 रन, देवांग दंगायच के 47 रन, वैभव खटाना के 26 रन व हिमांक झालानी के 45 रनो से 48.2 ओवर में 283 रन बनाकर आउट हो गई। राजस्थान यूथ के लिए श्रेष्ठ आर्य ने 33 पर 2, कार्तिकेय चौहान ने 56 पर 2, हर्षवर्धन सिंह व कोबित जेनरीवाल ने एक-एक विकेट।

दूसरे मैच में एन बी ग्राउंड पर जयपुरिया विद्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रचित पटेल के 77 रन, देवाशीष के 55 रन व पृथ्वी कुमावत के 13 रनो से 42.2 ओवर में 208 रन बनाए। एन बी एकेडमी के लिए लक्षित, रोहन मीणा व अमन यादव ने 2 - 2 विकेट, आरव, समर्थ ब देवाशीष ने एक - एक विकेट लिया।

हार्दिक आज रात रायपुर रवाना, आरसीबी के खिलाफ खेलेंगे या नहीं ?

नई दिल्ली, 7 मई। आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। हार्दिक पांड्या आरसीबी के खिलाफ 10 मई के मुकाबले के लिए टीम के साथ आज रात जुड़ जाएंगे। आज रात वे छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर रवाना होंगे, जहां मुंबई इंडियंस के स्क्वॉड से जुड़ेंगे। हार्दिक पांड्या ने अपना पिछला मुकाबला ठीक ना होने की दशा में मिस किया था, ऐसे में 10 मई को वे आरसीबी के खिलाफ खेलेंगे या नहीं यह उनकी मेडिकल टीम की सलाह पर निर्भर करेगा। हालांकि, वे मैच के दिन मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम का हिस्सा जरूर होंगे। हार्दिक पांड्या आज रात रायपुर के लिए रवाना होंगे और एमआई टीम से जुड़ेंगे। आरसीबी के खिलाफ मैच में उनकी भागीदारी मेडिकल टीम की सलाह पर निर्भर करेगी। यानी यह साफ हो गया है कि हार्दिक टीम के साथ जुड़ेंगे। हालांकि, टीम के स्टैंड बाय कप्तान सूर्यकुमार यादव घर में नन्ही सी गुड़िया के आगमन की खुशी में हो सकता है 10 मई को आरसीबी के खिलाफ होने वाले मुकाबले को मिस करें। मुंबई इंडियंस इस सीजन लगातार खराब प्रदर्शन कर रही है। वह 10 मैचों में 7 जीत और 3 हार के साथ पॉइंट्स टेबल पर 8वें स्थान पर है और उसका रन रेट माइनस में है।

टाँक बहनों का दबदबा, जयपुर स्पोर्ट्स एकेडमी बैडमिंटन टूर्नामेंट सम्पन्न

जयपुर, 7 मई। अंडर-11 गर्ल्स सिंगल्स में गीताशी टाँक ने फाइनल मुकाबले में यतिका चोपड़ा को 21-16, 21-18 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस वर्ग में अहाना कालरा और अद्विका यादव को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। वहीं अंडर-13 गर्ल्स सिंगल्स में शगुन टाँक ने अपनी ही बहन गीताशी टाँक को 21-15, 21-17 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अवंतिका और अहाना मदेरणा ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में टाँक बहनों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। अंडर-11 बॉयज सिंगल्स में कुशांग जैन ने स्वर्ण, अथर्व त्यागी ने रजत तथा शौर्य सिंह नरूका ने कांस्य पदक जीता। अंडर-15 बॉयज वर्ग में रिषित ने स्वर्ण पदक, रणविजय ने रजत पदक जबकि कुशांग जैन एवं प्रबल प्रताप सिंह नरूका ने कांस्य पदक प्राप्त किए। पुरुष युगल वर्ग के रोमांचक फाइनल में वत्सल राठौर और विकास शाह की जोड़ी ने यशवर्धन एवं विनय सेवदा की जोड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं वेटरन वर्ग में मुकेश पंडित और अमित पूनिया की जोड़ी विजेता रही। हनुमान नगर स्थित जयपुर स्पोर्ट्स अकैडमी में आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट का पारितोषिक वितरण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष मनोज दासोत तथा पिक एण्ड किक अकादमी के डायरेक्टर चौधरी शेर सिंह रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नव्या, आरव, जनक एवं असद को बेस्ट प्लेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर अकादमी के हेड कोच अतुल गुप्ता ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान अकादमी के कोच आयनू शर्मा, रोहित शर्मा, प्रतीक तथा मैनेजर जितेंद्र शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

राजस्थान की अनुभवी खिलाड़ी कमलेश बाकलीवाल ने रजत पदक हासिल किया

जयपुर, 7 मई। पुणे (महाराष्ट्र) में सम्पन्न हुई मास्टर्स टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2025 में राजस्थान की अनुभवी खिलाड़ी कमलेश बाकलीवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 70 आयु वर्ग की वुमन सिंगल्स स्पर्धा में रजत पदक हासिल कर राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। कमलेश बाकलीवाल ने पूरे प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट खेल, अनुभव और जुझारूपन का परिचय देते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन ने एक बार फिर साबित किया कि दृढ़ संकल्प और निरंतर अभ्यास से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इसी प्रतियोगिता मे 75 युगल मुकाबले मे मुकुंद अग्रवाल व रामपाल की जोडी ने भी रजत पदक प्राप्त कर राजस्थान का नाम रोशन कर दिया। राजस्थान वेटरन टेबल टेनिस कमेटी के चेयरमैन अजय ओझा एवं कन्वीनर दीपांक दास ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

राजस्थान सरकार
कार्यालय चिकित्सा अधीक्षक, प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल (पी.बी.एम.) सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर
क्रमांकः-ए.जी.एच. / लेखा (क्रय) / 2026/14050 दिनांक :- 04/05/26
ई-बोली आमंत्रण सूचना (E-NIB No. 05/2026-27)
प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल (पी.बी.एम.) सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर के ई.एम.डी. विभाग व रसोईघर में काम आने वाली आवश्यक सामग्री के क्रय हेतु आमंत्रित निविदा (दोहरी बिड पद्धति) में इच्छुक बोलीदाता दिनांक 05/05/26 से 18/05/26 सांय 05:00 बजे तक निविदा डाउनलोड/अपलोड कर सकते है। बोली आमंत्रण सूचना की महत्वपूर्ण शर्तें व पूर्ण विवरण "http://eproc.rajasthan.gov.in" तथा " http://sppp.rajasthan.gov.in" पर देखी जा सकती है। ई-बोलियों की कुल अनुमानित लागत 200 लाख है जिसमें अधिकतम एकल बोली की लागत 80 लाख है।
UBN NO :- 1. MCB2627GLRC00033, 2. MCB2627GLRC00034, 3. MLB2627GLRC00035
चिकित्सा अधीक्षक प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल (पी.बी.एम.) सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर
DIPR/C/7943/2026

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DISTT DN KOTA
क्रमांक-188 Notice Inviting Bid दिनांक-4/5/26
(NIT No. 01/2026-27)
Bids for 9 no work at Kota are Invitied from interested bidders upto 06.00 PM of 18.05.2026 (Monday). Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rj.nic.in) of the Rajathan State. The approximate value of the procurement is Rs. 344.15 Lacs.
UBN No.- 1. PWD2627WSOB01416, 2. PWD2627WSOB01417, 3. PWD2627WSOB01418 4. PWD2627WSOB01419, 5. PWD2627WSOB01420, 6. PWD2627WSOB01421 7. PWD2627WSOB01422, 8. PWD2627WSOB01423, 9. PWD2627WSOB01424
(अशोक कुमार महावर)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. जिला खण्ड कोटा
मो.नं.-98291-28359
DIPR/C/7977/2026

Office Of Superintending Engineer
PHED Circle Jhalawar (Rajasthan)
NOTICE INVITING Bid No. 02/2026-27 (Item No. 1, 2 & 3)
Bids for Annual Annual Rate Contract for providing Household Service Connections (HSCs) including one Year Defect Liability Period in urban towns of Division Jhalawar/Bhawanimandi under the Jurisdiction of PHED Circle Jhalawar, District Jhalawar & Work of Augmentation of RWSS NANOR, Gram Panchayat NANOR Panchayat Samiti Bakani of Sub division Jhalawar to provide FHTC including one year Defect Liability period under JJM in the jurisdiction of PHED Division Jhalawar District Jhalawar. are invited from interested bidder's upto 18.05.2026 at 18.00 Hours. Other particulars of the bid may be visited on the www.dipr.rajasthan.gov.in, http://rajwater.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in. Departmental websites.
NIB No. PHE2627A0378
UBN NO. PHE2627WSRC00784, PHE2627WSRC00785, PHE2627WSRC00786
Superintending Engineer
PHED Circle Jhalawar
DIPR/C/8014/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियंता,
दाँयी मुख्य नहर खण्ड द्वितीय, सी.ए.डी. अन्ता
क्रमांकः अ.अ./दा.मु.न.II/लेखा/2026-27/387-93 दिनांकः 06/05/2026
कार्यालय-आदेश
इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 365-72 दिनांक 04.05.2026 द्वारा निविदा सूचना संख्या 01 वर्ष 2026-27 निम्नानुसार जारी गई थी। उक्त निविदा में वर्णित नियम व शर्त सं. 4 के तहत अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार कार्य/निविदा निरस्त की जाती है।

क्र. सं.	निविदा के आईटम सं.	कार्य का नाम
1	1	Desilting/Excavation, Construction of VRB for Drainage system of (Gram Panchayat Laxmipura, Dungarli) Laxmipura Distributary Section Under Sub Division CAD Mangrol.
2	2	Desilting/Excavation, Construction of VRB for Drainage system of (Gram Panchayat Durjanpura & Dungarli) Laxmipura Distributary Section Under Sub Division CAD Mangrol.
3	3	Desilting/Excavation for Drainage system in (Gram Panchayat Shahnawada) Laxmipura Distributary Section Under Sub Division CAD Mangrol.
4	4	Desilting/Excavation & Gravel works for Drainage system in (Gram Panchayat Pipalda) Laxmipura Distributary Section Under Sub Division CAD Mangrol.
5	5	Excavation / Desilting, Construction of VRB/Pipe Culvert in Drainage system in Mau Distributary Section under Sub Division CAD Mangrol.
6	6	Excavation / Desilting of Drainage system (Gram Panchayat Mau) in Mau Distributary Section under Sub Division CAD Mangrol.
7	7	Distributary Section under Sub Division CAD Mangrol. Excavation / Desilting, Construction of VRB/Pipe Culvert in Drainage system in Ayana
8	8	Construction of Rcc Pulia and protection work Near" EARTHEN BANDH" at Baldara village.

अधिशाषी अभियंता
दांई मुख्य नहर खण्ड-II
सी.ए.डी. चम्बल अन्ता
DIPR/C/8031/2026